तुम भी बनाओ

मिट्टी से सीटी कैसे बनाएँ

पिपरिया की प्रेमलता पंडित सालों से मिट्टी के खिलौने बनाती आई हैं। यहाँ वे मिट्टी की सीटी बनाने का तरीका बता रही हैं:

आवश्यक सामग्री : काली मिट्टी जिसमें रेत कंकड़ न हों, पानी, स्केच पेन का ढक्कन, छेद करने के लिए कोई खराब पेन व रिफिल।

मिट्टी कैसे तैयार करें: काली मिट्टी को पीसने के बाद छान लो। इससे मिट्टी में से रेत व कंकड़ निकल जाएँगे। एक किलो मिट्टी में 100 ग्राम रुई मिला लें। मिट्टी व रुई को मिलाकर कूटें जिससे रुई व मिट्टी अच्छे से मिल जाए। ऐसा करने से खिलौने टूटते नहीं हैं। इसके बाद इसे पानी से गूँथ लो।

1. गीली मिट्टी की गुल्ली के आकार की लोई बना लो। 2. लोई को अँगूठे से दबाकर नाव का आकार दे दो। दोनों हाथों के बीच नाव को रखकर हलके हाथों से उसे दबाओ।

3. नाव के ऊपरी सिरों को पास-पास लाकर जोड़ दो। जोड़ने के लिए किनार पर थोड़ा पानी लगा सकते हो। एक गुल्ली-सी बन जाएगी। ध्यान रहे कि यह गुल्ली अन्दर से खोखली हो। 4. जोड़ पर स्केच पैन का ढक्कन फिराकर निशान बना लो।

5. अब तुम्हें इसमें तीन छेद करने हैं – एक बड़ा और दो छोटे। बड़ा छेद बीच में होगा और दो छोटे छेद आसपास होंगे। बड़े छेद के लिए पेन का और छोटों के लिए रिफिल का इस्तेमाल किया जा सकता है। छेद करने का तरीका चित्र में देखो। सीटी तैयार है...

होंठों के पास रखकर इसमें फूँक मारो! कैसी आवाज़ आई....?

प्रस्तुतिः गोपाल राठी व राकेश कारपेंटर